सीसे के कई स्रोत:

क्या आपके घर में या घर के आसपास सीसा है?

शायद आपको सीसा दिखाई न दे, लेकिन ये आपके घर के अंदर और बाहर कई जगहों पर हो सकता है। सीसा खतरनाक है और ये हानिकारक हो सकता है, खासकर बच्चों के लिए। सीसे का जहर शरीर के अंदर तब जाता है, जब सीसे को निगल लिया जाए या सांस के द्वारा अंदर लिया जाए। ज्यादातर बच्चे, जिनके अंदर सीसे का जहर चला जाता है, बीमार नहीं दिखते या बीमार जैसा महसूस नहीं करते।

सीसा इनमें पाया जा सकता है:



पुराने, उखड़े हुए पेंट में



पारंपरिक मेकअप में, जैसे कोहल, सुरमा, या सिंदूर

घर की धूल में

अज़रकॉन, ग्रेटा, या पे-लू-आ जैसी दवाईयों में

नंगी मिट्टी में

गोलियों और फिशिंग सिंकर्स में



कुछ खाद्य पदार्थों, टॉफियों और अमेरिका के बाहर से आने वाले मसालों में

कुछ बर्तनों और गमलों में

यदि आप सीसे के साथ काम करते हैं तो आपके बालों, चमड़ी, जूतों और कपड़ों पर

हवाई अड्डों और औद्योगिक क्षेत्रों के आसपास वायु प्रदूषण में



कुछ खिलौनों और आभूषणों में

अपने बच्चे को इन चीजों से दूर रखें और उनके डॉक्टर से सीसे की जांच के लिए कहें। आपके बच्चे के अंदर कहीं सीसे का जहर तो नहीं चला गया है, ये जानने का एकमात्र तरीका है, सीसे के लिए उसकी खून जांच करवाना। ज्यादातर बच्चों की जांच 1 या 2 साल की उम्र में हो जाती है, पर कुछ बच्चों को 2 साल की उम्र के बाद भी जांच करवाने की जरूरत होती है।

CDPH
California Department of Public Health

go.cdph.ca.gov/LeadFreeKids

एजेंसी प्रयोग के लिए:
यहां संपर्क जानकारी दें

अगस्त 2024 · © 2024, कैलिफोर्निया जन स्वास्थ्य विभाग